# BIHAR BOARD QUESTION PAPER

# INTERMEDIATE EXAMINATION - 2022

# इंटरमीडिएट परीक्षा - 2022

## (ANNUAL / वार्षिक)

# PSYCHOLOGY

समय : 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक : 70

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :

1. परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।

2. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।

4. प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।

5. यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है खण्ड 'अ' एवं खण्ड 'ब' |

6. खण्ड 'अ' में 70 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 35 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। 35 प्रश्नों से अधिक का उत्तर देने पर प्रथम 35 का ही मूल्यांकन होगा। प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है। इनका उत्तर देने के लिए उपलब्ध कराये गए OMR उत्तर पत्रक में दिए गए सही विकल्प को नीले /काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के व्हाइटनर / तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।

7. खण्ड-ब में 20 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित है, जिनमें से किन्हीं 10 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। इनके अतिरिक्त, इस खण्ड में 6 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक के लिए 5 अंक निर्धारित है, जिनमें से किन्हीं 3 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।

8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

BiharboardQuestionpaper.com

## SECTION - A

प्रश्न संख्या 1 से 70 तक के प्रत्येक प्रश्न के लिए चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक सही है। अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR शीट पर चिह्नित करें। आपको 35 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. इरोस तथा थैनाटोस का तात्पर्य किससे है ?

(a) स्मरण एवं विस्मरण से

(b) अधिगम एवं प्रत्यक्षण से

(c) जीवन एवं मृत्यु मूल प्रवृत्ति से

(d) धारण एवं ध्यान से

2. आक्रमण एवं हिंसा का क्या कारण है ?

(a) पीड़ा

(b) कुण्ठा

(c) मदिरा

(d) इनमें से सभी

3. आक्रमण एवं हिंसा को कम करने के क्या उपाय हैं ?

(a) विरेचन विधि

(b) सामाजिक अधिगम

(c) परानुभूति

(d) इनमें से सभी

BiharboardQuestionpaper.com

4. जल प्रदूषण के कारण कौन-सा रोग उत्पन्न हो सकता है ?

(a) एड्स

(b) कैंसर

(c) पीलिया

(d) इनमें से सभी

5. कौन निर्धनता को निम्न रूप में परिभाषित किया ?

“अगर कोई परिवार अपने सभी शक्ति, धन एवं समय लगाकर भी पर्याप्त पोषण नहीं पाता है, तो उसे पूर्णतः निर्धन परिवार कहा जाता है।"

(a) गरी

(b) पाण्डेय

(c) पैटरसन

(d) इनमें से कोई नहीं

7. निम्नलिखित में से कौन द्वितीयक समूह है ?

(a) विद्यालय

(b) राजनैतिक दल

(c) औद्योगिक संगठन

(d) इनमें से सभी

8. कौन समूह 'वे समूह' कहलाता है ?

(a) आकस्मिक समूह

(b) बाह्य समूह

(c) सदस्यता समूह

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

9. निम्न में से कौन अनुरूपता को प्रभावित करनेवाले व्यक्तित्व से संबंधित कारक नहीं है?

(a) आत्मसम्मान

(b) अभिप्रेरणा

(c) कार्य से संबंधित कारक

(d) इनमें से सभी

10. निम्न में से कौन अनुरूपता को प्रभावित करनेवाले समूह से संबंधित कारक है ?

(a) समूह का आकार

(b) समूह का संघटन

(c) समूह की शक्ति

(d) इनमें से सभी

11. निम्न में से कौन अनुपालन की प्रविधि नहीं है ?

(a) सामाजिक श्रमावनयन

(b) चाटुकारिता

(c) पारस्परिकता

(d) बहु अनुरोध

12. निम्न में से कौन समूह संघर्ष का मनोवैज्ञानिक कारण है ?

(a) ध्वंसात्मक प्रवृत्ति

(b) कुंठा

(c) असुरक्षा का भाव

(d) इनमें से सभी

BiharboardQuestionpaper.com

13. मनोवृत्ति में कितने संघटक होते हैं ?

(a) 4

(b) 2

(c) 3

(d) 5

14. एक मूढ़ व्यक्ति का बुद्धि-लब्धि विस्तार क्या होता है ?

(a) 70 से 79

(b) 20 से 49

(c) 50 से 69

(d) इनमें से कोई नहीं

15. बुद्धि का द्वि-कारक सिद्धान्त का प्रतिपादन किसने किया ?

(a) थॉर्नडाइक

(b) गिलफोर्ड

(c) स्पीयरमैन

(d) थर्सटन

16. किसने आत्म को निम्न रूप में परिभाषित किया ?

व्यक्ति जिस रूप में अपने आपको देखता है, वहीं उसका आत्म है।"

(a) लिण्डग्रेन

(b) क्रेच एवं क्रचफील्ड

(c) रोजर्स

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

17. शीलगुण की परिभाषा निम्न प्रकार किसने दी ?

"शीलगुणों से तात्पर्य उन विशेषताओं से है जिनमें कोई व्यक्ति अन्य व्यक्तियों से अपेक्षाकृत स्थायी एवं निरंतर रूप से भिन्न प्रतीत होता है।"

(a) लिण्डग्रेन

(b) हिलगार्ड

(c) रोजर्स

(d) इनमें से कोई नहीं

18. शेल्डन ने किस प्रकार के व्यक्तियों को सेरीब्रोटॉनिया कहा है ?

(a) गोलाकार प्रकार

(b) आयताकार प्रकार

(c) लंबाकार प्रकार

(d) इनमें से कोई नहीं

19. शेल्डन ने किस प्रकार के व्यक्तियों को सोमैटोटॉनिया कहा है ?

(a) लंबाकार प्रकार

(b) आयताकार प्रकार

(c) गोलाकार प्रकार

(d) इनमें से कोई नहीं

20. ऐसे व्यक्ति जो दुबले पतले, लंबे तथा कोमल होते हैं उन्हें रखा जाता है।

(a) गोलाकार प्रकार

(b) आयताकार प्रकार

(c) लम्बाकार प्रकार

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

21. शेल्डन के आयताकार प्रकार क्रेश्मर के किस व्यक्तित्व प्रकार से मिलता-जुलता है ?

(a) स्थूलकाय प्रकार

(b) कृशकाय प्रकार

(c) पुष्टकाय प्रकार

(d) इनमें से कोई नहीं

22. "पर्यावरणीय मनोविज्ञान, व्यवहार तथा प्राकृतिक एवं कृत्रिम पर्यावरण के अन्तसंबंध का अध्ययन करने वाला विज्ञान है।" इस तरह किसने पर्यावरणीय मनोविज्ञान को परिभाषित किया ?

(a) कर्ट लेविन

(b) राय एवं कपर

(c) बेल, फ्रेजर तथा लुमिस

(d) इनमें से कोई नहीं

23. पर्यावरणीय मनोविज्ञान अध्ययन करता है

(a) केवल प्राकृतिक पर्यावरण का

(b) केवल निर्मित पर्यावरण का

(c) (a) और (b) दोनों

(d) इनमें से कोई नहीं

24. ग्रिफिथ का योगदान निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में है?

(a) शोरगुल

(b) प्रकाश

(c) तापमान

(d) वायु प्रदूषण

BiharboardQuestionpaper.com

25. निर्धनता के पर्यावरणीय कारकों में निम्नांकित में से किसे नहीं शामिल करेंगे ?

(a) कम मजदूरी

(b) बेरोजगारी

(c) सामाजिक रूढ़िवादिता

(d) आलस्य

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..

26. पर्यावरणीय समस्या है

(a) ओजोन परत का विघटन

(b) अम्लीय वर्षा

(c) रेगिस्तान

(d) इनमें से सभी

27. प्राकृतिक आपदा का उदाहरण है।

(a) बाढ़

(b) भूकंप

(c) सुखा

(d) इनमें से सभी

28. आक्रमण का तात्पर्य निम्न में से किससे है ?

(a) हिंसा

(b) स्वाग्रहिता

(c) विद्वेष

(d) इनमें से सभी

29. व्यक्ति के व्यक्तित्व का अध्ययन करनेवाला सबसे पहला उपागम कौन था ?

(a) शरीर-गठनात्मक उपागम

(b) शील-गुण उपागम

(c) मनोविश्लेषणात्मक उपागम

(d) मानवतावादी उपागम

30. किस व्यक्ति ने व्यक्तिगत अचेतन के साथ-साथ सामूहिक अचेतन पर बल दिया ?

(a) युंग

(b) एडलर

(c) इरिक फ्रॉम

(d) इरिक इरिक्सन

31.तनाव के कई कारण होते हैं जिससे तनाव उत्पन्न होता है उन्हें कहा जाता है।

(a) प्रतिगमन

(b) प्रतिबलक

(c) प्रत्याहार

(d) अनुकरण

32. जब दो अभिप्रेरकों के बीच संघर्ष होता है उसे कहा जाता है

(a) संवेगों का संघर्ष

(b) मनोवृतियों का संघर्ष

(c) अभिप्रेरकों का संघर्ष

(d) इच्छाओं का संघर्ष

BiharboardQuestionpaper.com

33. तनाव का सामना करने के लिए निम्नलिखित योजनाओं में कौन अधिक प्रभावी है?

(a) पारिवारिक कार्यक्रम

(b) व्यावसायिक सहारा

(c) संज्ञान में परिवर्तन

(d) सामुदायिक सहारा

34. निम्नांकित में किसको 'अपराध शास्त्र का पिता' कहा जाता है ?

(a) शेल्डन

(b) लोम्ब्रोसो

(c) मोरेनो

(d) क्रेश्मर

35. निम्नलिखित में से किस वैज्ञानिक ने अपराध का संबंध शारीरिक बनावट से बतलाया है?

(a) शेल्डन

(b) मोरेनो

(c) बैण्डूरा

(d) फ्रीडमैन

36. निम्नांकित में से किस जनजाति के पुरुषों में स्त्रीत्व शीलगुणों की प्रधानता होता है?

(a) ऐरापेश

(b) मुण्डुगुमर

(c) शम्बुली

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

37. मुण्डुगूमर जनजाति के पुरुष तथा महिलाओं का शीलगुण होता है

(a) सहयोगी, स्नेहपूर्ण तथा शांतिप्रिय

(b) झगड़ालू, कठोर तथा हिंसक

(c) डरपोक, भयभीत तथा लजालू

(d) इनमें से कोई नहीं

38. व्यक्तित्व मापन का उपयोग किस क्षेत्र में किया जाता है ?

(a) उत्तरदायी पदों पर नियुक्ति हेतु

(b) समायोजन की समस्या को दूर करेन हेतु

(c) नेता के चुनाव हेतु

(d) इनमें से सभी

39. निम्नांकित में से किस मनोवैज्ञानिक ने अपने व्यक्तित्व प्रकारों का प्रतिपादन नंगे पुरुषों के चित्रों का अध्ययन करके किया ?

(a) क्रेश्मर

(b) शेल्डन

(c) युंग

(d) फ्रायड

40. व्यक्तित्व आविष्कारिका को अन्य किस नाम से नहीं जाना जाता है ?

(a) प्रश्नावलियाँ

(b) आत्म विवरण आविष्कारिका

(c) कागज-पेंसिल जाँच

(d) प्रेक्षण विधि

BiharboardQuestionpaper.com

41. परीक्षार्थी को सामने बैठाकर बात करने की विधि क्या कही जाती है ?

(a) प्रश्नावलियाँ

(b) प्रक्षेपण विधि

(c) साक्षात्कार विधि

(d) इनमें से कोई नहीं

42. मनोविज्ञान में किस व्यक्ति ने व्यक्तिगत विभिन्नता के संप्रत्यय को सबसे पहले प्रकाश में लाया ?

(a) स्पीयरमैन

(b) गाल्टन

(c) थॉर्नडाइक

(d) कैटेल

43. निम्नांकित में से कौन वास्तविकता का नियम से निर्देशित होता है ?

(a) पराहं

(b) अहं

(c) उपाहं

(d) इनमें से कोई नहीं

44. मनोविदालिता के रोगी में निम्नांकित में कौन-सा विभ्रम की प्रबलता अधिक होती है?

(a) दृष्टि विभ्रम

(b) श्रवण विभ्रम

(c) (a) और (b) दोनों

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

45. फ्रायड के अनुसार सबसे महत्त्वपूर्ण रक्षा युक्ति कौन-सी है ?

(a) विस्थापन

(b) निरोध

(c) दमन

(d) प्रतिगमन

46. निम्नांकित में कौन सामाजिक सरलीकरण का तत्व है ?

(a) प्रणोदन एवं उत्तेजन

(b) विमनस्कता और ध्यान

(c) चिंता एवं आत्म प्रस्तुति

(d) इनमें से कोई नहीं

47. किसी व्यक्ति या समूह के प्रति नकारात्मक मनोवृत्ति को क्या कहा जाता है ?

(a) पूर्वाग्रह

(b) विभेद

(c) असामान्य व्यवहार

(d) इनमें से कोई नहीं

48. निम्नांकित में से किसमें सदस्यों में पूरक कौशल होता है ?

(a) समूह में

(b) दल में

(c) श्रोतागण में

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

49. निम्नांकित में कौन समूह संरचना का तत्व नहीं है ?

(a) भूमिका

(b) मानक

(c) पदवी

(d) समूह सोच

50. सामान्य व्यवहार का सबसे मौलिक मापदण्ड निम्नांकित में क्या है ?

(a) समाज द्वारा स्वीकृत व्यवहार

(b) अनुपालक व्यवहार

(c) दूसरे समाज के लिए घातक न हो

(d) इनमें से सभी

51. निम्नांकित में कौन दुश्चिता विकार नहीं है ?

(a) दुर्भाति विकार

(b) मनोग्रसित बाध्यता विकार

(c) आतंक विकार

(d) मनोविच्छेदी पहचान विकार

52. निम्नांकित में कौन मनोविच्छेदी विकार नहीं है ?

(a) मनोविच्छेदी स्मृति लोप

(b) मनोविच्छेदी आत्म विस्मृति

(c) तीव्र तनाव विकार

(d) व्यक्तितत्व लोप विकार

BiharboardQuestionpaper.com

53. एक्रोफोबिया का अर्थ क्या होता है ?

(a) बिल्ली से डरना

(b) कुत्ता से डरना

(c) ऊँचाई से डरना

(d) आँधी तुफान से डरना

Biharboard Questionpaper.com

54. एगोराफोबिया का अर्थ क्या होता है ?

(a) ऊँचाई से डरना

(b) कुत्ता से डरना

(c) भीड़-भाड़ वाली जगह से डरना

(d) इनमें से कोई नहीं

55. मनोविच्छेदी पहचान मनोविकृति का दूसरा नाम क्या है ?

(a) बहुव्यक्तित्व

(b) व्यक्तित्व लोप मनोविकृति

(c) आत्म विस्मृति

(d) इनमें से कोई नहीं

56. निम्नांकित में कौन आनंद नियम से निर्देशित होता है ?

(a) उपाहं

(b) पराहं

(c) अहं

(d) इनमें से कोई नहीं

57. एक संदर्भ समूह के लिए सर्वाधिक वांछित अवस्था क्या है ?

(a) समूह के साथ संबद्धता

(b) समूह की सदस्यता

(c) समूह का प्रभाव

(d) समूह का आकार

58. एकाकी परिवार की संरचना कैसी होती है ?

(a) सरल

(b) जटिल

(c) घनिष्ठता

(d) बिखरा हुआ

59. समूह संरचना से किसका संबंध नहीं है ?

(a) समूह का आकार

(b) समूह की बनावट

(c) संचार प्रारूप

(d) इनमें से कोई नहीं

60. पूर्वाग्रह की सबसे बड़ी पहचान निम्नांकित में क्या है ?

(a) नकारात्मक मनोवृत्ति

(b) बैरभाव

(c) असहयोग

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

61. विभिन्न समूहों के बारे में पूर्व-कल्पित विचार कहलाता है ?

(a) रूढ़ि युक्ति

(b) भेदभाव

(c) विश्वास

(d) इनमें से कोई नहीं

62. अनुरूपता कैसे उत्पन्न होती है ?

(a) सूचनात्मक प्रभाव के कारण

(b) सामाजिक मानकों के प्रभाव के कारण

(c) व्यक्ति की दूसरों द्वारा स्वीकार किए जाने की इच्छा के कारण

(d) इनमें से सभी

63. कौन समूह 'हम समूह' कहलाता है ?

(a) औपचारिक समूह

(b) प्राथमिक समूह

(c) अंत: समूह

(d) इनमें से कोई नहीं

64. किसने बुद्धि-लब्धि को श्रेणियों में विभाजित किया है ?

(a) बिने

(b) साइमन

(c) हिलगार्ड, ऐटकिंसन तथा ऐटकिंसन

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

65. किसने बुद्धि के बहुबुद्धि सिद्धान्त को प्रतिपादित किया ?

(a) गिलफोर्ड

(b) गार्डनर

(c) थर्सटन

(d) इनमें से कोई नहीं

66. गार्डनर ने कितने प्रकार की बुद्धि की पहचान किया है ?

(a) 5

(b) 8

(c) 6

(d) 4

67. ब्लॉक डिजाइन परीक्षण किस प्रकार का परीक्षण है ?

(a) शाब्दिक बुद्धि परीक्षण

(b) अंशाब्दिक बुद्धि परीक्षण

(c) क्रियात्मक बुद्धि परीक्षण

(d) इनमें से कोई नहीं

68. किसने सर्जनात्मकता को निम्न तरह परिभाषित किया ?

"सर्जनात्मकता किसी नवीन वस्तु का निर्माण एवं रचना करने की क्षमता है।"

(a) बिंघम

(b) साइमन

(c) इजरेली

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

69. किस वर्ष मोहसिन सामान्य बुद्धि परीक्षण का निर्माण किया गया ?

(a) 1954

(b) 1964

(c) 1953

(d) 1955

70. बुद्धि का समूह कारक सिद्धांत का प्रतिपादन किसने किया ?

(a) थॉर्नडाइक

(b) गिलफोर्ड

(c) स्पीयरमैन

(d) थर्सटन

## SECTION - B

प्रश्न संख्या 1 से 20 लघु उत्तरीय हैं। किन्हीं 10 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक उत्तर के लिए 2 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक उत्तर के लिए शब्द सीमा 30-40 शब्द है।

1. अंत:-समूह तथा बाह्य समूह क्या हैं ?

2. आज्ञापालन क्या है ?

3. संस्कृति से आप क्या समझते हैं ?

4. बुद्धि का अर्थ बताएँ।

5. परामर्श के स्वरूप का वर्णन करें।

6. स्वास्थ्य क्या है ?

7. टाइप 'A' प्रकार के व्यक्तित्व का वर्णन करें।

8. आत्म-सक्षमता से आप क्या समझते हैं?

BiharboardQuestionpaper.com

9. समूह को परिभाषित करें।

10. साक्षात्कार कौशल क्या है ?

11. रोगी केंद्रित चिकित्सा क्या है ?

12. क्लासिकी अनुकूलन क्या है ?

13. प्रतिरोध की अवस्था क्या है ?

14. विद्युत-आघात चिकित्सा क्या है ?

15. समय-प्रबन्धन क्या है ?

16. सकारात्मक स्वास्थ्य क्या है ?

17. रूढ़ियुक्ति से आप क्या समझते हैं ?

18. समाजोपयोगी व्यवहार से आप क्या समझते हैं

19. भीड़ को परिभाषित करें।

20. आक्रमण क्या है ?

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..

BiharboardQuestionpaper.com

प्रश्न संख्या 21 से 26 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 5 अंक निर्धारित है। प्रत्येक प्रश्न के लिए शब्द सीमा 80 से 100 शब्द है।

21. अभिक्षमता परीक्षण के विभिन्न प्रकारों का वर्णन करें।

22. साक्षात्कार की प्रक्रिया के प्रमुख चरण कौन-कौन से हैं?

23. सामान्य और असामान्य व्यक्ति के व्यवहारों में अंतर स्पष्ट करें।

24. तनाव के प्रकारों का अध्ययन करें।

25. व्यक्तित्व के मानवतावादी उपागम की विवेचना करें।

26. मानव व्यवहार पर प्राकृतिक आपदा के प्रभावों का वर्णन करें।